साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
सबसे तेज-सबसे अलग खबरें, अब एक क्लिक पर
www.bharatdarshannews.com



संस्थापक : कर्मयोगी श्री गुरुी भीमसेन प्रभाकर



# FARIDABAD

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 'स्मार्ट बोर्ड ट्रेनिंग: ट्रेनिंग द ट्रेनर्स' पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम किया गया आरंभ

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Tuesday,18 January , 2022)

Ballabgarh News, 19 January 2022 (bharatdartshannews.com) : दिनांक 18 जनवरी, 2022 अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में 'स्मार्ट बोर्ड ट्रेनिंग: ट्रेनिंग द ट्रेनर्स' पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के वक्तव्य कार्यक्रम की रूपरेखा सांझा करने के साथ आरंभ हुआ तदुपरांत प्रथम दिन, श्री विनीत नागपाल, कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर ने संकाय को आसानी से और जल्दी से पीडीएफ प्रारूप में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने का डिजिटल कौशल सिखाया। सत्र दिलचस्प था क्योंकि पीडीएफ फाइलों के इर्द-गिर्द घूमने वाले सभी डिजिटल बेसिक्स को मंजूरी दे दी गई थी। अगले सत्र में, सुश्री ज्योति शर्मा और सुश्री शिल्पी गोयल, कंप्यूटर विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर ने स्मार्टबोर्ड की मूल बातें और सॉफ्टवेयर के उपयोग पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के तदुपरांत ट्रेनिंग सत्र में रखा गया प्रत्येक ट्रेनर को स्मार्ट बोर्ड पर ट्रेनिंग करने का उचित अवसर व स्थान प्राप्त कराया।एफडीपी का प्रथम दिन सभी हितधारकों के लिए एक समृद्ध अनुभव था। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. इनायत चौधरी और श्री विनीत नागपाल आयोजन सचिव की देखरेख में किया गया। कुल 70 प्रतिभागी एफडीपी का हिस्सा रहें।